प्रेस नोट थाना जैतिपुर
शाहजहांपुर पुलिस

सराहनीय कार्य 25/02/2025

थाना जैतीपुर पुलिस द्वारा लगभग 264 ग्राम अफीम व एक अदद मोबाईल एन्ड्रायड वीवो के साथ मादक पदार्थ के तस्करा को किया गिरफ्तार

श्रीमान उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, अपराधियों की गिरफ्तारी व मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के पर्यवेक्षण एंव श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय तिलहर जनपद शाहजहांपुर के निर्देशन में थाना जैतीपुर पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

आज दिनांक 25.02.2025 को प्रभारी निरीक्षत श्री गौरव त्यागी के नेतृत्व में थाना जैतीपुर की पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम मकरन्दपुर जाने वाली रोड पर करीब 50 कदम की दूरी पर थाना जैतीपुर जनपद समय करीब 10.20 बजे अभियुक्त धर्मसिंह पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम दियोरी थाना दातागंज जनपद बदांयू को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 264 ग्राम अफीम व एक अदद एण्ड्रायड मोबाइल वीवो कम्पनी का बरामद हुआ। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

धर्मसिंह पुत्र मुन्ना लाल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम दियोरी थाना दातागंज जनपद बदांयू।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0- 32/2025 धारा 8/18 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना जैतीपुर जनपद शाहजहांपुर

बरामदगी का विवरणः-

लगभग 264 ग्राम अफीम व एक अदद वीवो एण्ड्रायड मोबाइल

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0- 1156/10 धारा 323/324/504 आईपीसी थाना दातागंज जनपद बदायूँ।
2. मु0अ0सं0- 525/2018 धारा 147/323/452/506 आईपीसी थाना दातागंज जनपद बदायूँ।
3. मु0अ0सं0- 584/2018 धारा 323/325/504 आईपीसी थाना दातागंज जनपद बदायूँ।
4. मु0अ0सं0- 32/2025 धारा 8/18 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना जैतीपुर जनपद शाहजहांपुर

पूछताछ विवरणः-

अभियुक्त धर्मसिंह पुत्र मुन्ना लाल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम दियोरी थाना दातागंज जनपद बदांयू से एफआईआर से सम्बन्धित आवश्यक पूछताछ की गयी तो अभियुक्त धर्मसिंह उपरोक्त ने बताया मैं जनपद बदायूँ में अफीम की खेती करने वाले किसानो से अफीम लेकर उसकी छोटी छोटी पुडिया बनाकर जनपद बरेली व जनपद बदायूँ व शाहजहाँपुर के सीमावर्ती बार्डर के आस पास की जगह फुटकर में चलते फिरते को बेचकर अपनी जिविका निर्वाहन करता हूं आज भी मैं यह माल बेचने फतेहगंज पूर्वी की ओर जा रहा था कि आपने मुझे पकड लिया। मैं लालच में आकर यह गलती कर बैठा हूं। अभी जो माल आपको मेरी जेब से बरामद हुआ है यह माल मैं अकसर शमशाद नामक लडके से लेता हूँ जो अपने को ग्राम आजमपुर का रहने वाला बताता है हालाकिं आजम के नाम व उसके पते का मेरे द्वारा अभी कोई सत्यापन नहीं किया गया था परन्तु जो व्यक्ति मुझे माल देता

है वह शमशाद ही है या कोई और है सामने आने पर ही मैं उसे पहचान सकता हूँ शमशाद से इससे अधिक मुझे जानकारी नहीं है।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री गौरव त्यागी थाना जैतीपुर जनपद शाहजहांपुर
2.उ0नि0 श्री गोविन्द सिंह थाना जैतीपुर जनपद शाहजहांपुर
3. का0 1147 राहुल यादव थाना जैतीपुर जनपद शाहजहांपुर
4. का0 1909 तरुण सिरोही थाना जैतीपुर जनपद शाहजहांपुर
5. का0 2347 अमित कुमार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहांपुर